राजस्थान सरकार
राजस्थान सरकार

## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक एफ.4 (ई)(वी–96 / 90) / अलेसे–III / 1443-1454 दिनांक – 22-05-2012

### कार्यालय आदेश संख्या ....54....... /2012–13

इस निदेशालय के आदेश संख्या 160 / 09–10 दिनांक 09.10.2009 के द्वारा श्री विमल कुमार जैन, कनिष्ठ लेखाकार का कार्यालय मुख्य वन संरक्षक वानिकी परियोजना, जयपुर से जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक–2, जयपुर मे कनिष्ठ लेखाकार का पद समाप्त होने के कारण स्थानान्तरण किया गया था। श्री जैन को पत्र दिनांक 16.02.10, 19.03.10, 08.08.11, 24.10.11 एवं 18.11.11 द्वारा नवीन पदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया किन्तु कार्यग्रहण नही किया गया। निदेशालय के निर्देशों को बार–बार अवहेलना करने के कारण विभागीय आदेश संख्या 709–716 दिनांक 01.05.12 द्वारा श्री जैन को तुरन्त निलम्बित कर मुख्यालय निदेशालय, कोष एवं लेखा, जयपुर रखा गया।

वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर के पत्र क्रमांक प.2(1)वित्त / राजस्व / 2011 दिनांक 17.05.2012 के अनुसरण मे श्री जैन का उपर्युक्त निलम्बन आदेश दिनांक 01.05.2012 से प्रत्याहारित किया जाता है एवं पूर्व पदस्थापन आदेश संख्या 160 / 09–10 दिनांक 09.10.09 द्वारा किये गये स्थानान्तरण को निरस्त करते हुए कार्यालय राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना–2 (पी.एम.यू.), जयपुर मे तुरन्त प्रभाव से कनिष्ठ लेखाकार के नवसृजित रिक्त पद पर पदस्थापन किया जाता है।

निदेशक

क्रमांक एफ.4 (ई)(वी–96 / 90) / अलेसे–III / 1443-1454 दिनांक – 22-05-2012

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित है–

1. शासन उप सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को उनके पत्रांक प.2(1)वित्त / राजस्व / 2011 दिनांक 17.05.2012 के क्रम मे।
2. अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरावली वृक्षारोपण परियोजना, जयपुर।
3. परियोजना निदेशक, राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना–2, अरावली भवन, झालाना, जयपुर।
4. कोषाधिकारी सचिवालय / शहर जयपुर।
5. विशेषाधिकारी (कम्प्यूटर) वेबसाईट हेतु।
6. श्री विमल कुमार जैन, कनिष्ठ लेखाकार, राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना–2, अरावली भवन, झालाना, जयपुर।
7. जॉच शाखा / गोपनीय शाखा / पदस्थापन सीट।
8. श्री महेन्द्र गोयल, कनिष्ठ लेखाकार कार्यालय हाजा।
9. निजी पत्रावली / रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II)

F:\SAS-III\Vinder kumar\SITA RAMJI SIR AAO\office order.doc